सं. 21/76/2013-एम एंड जी

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

एन डी सी सी-II, नई दिल्ली,

दिनांक : 20 मई, 2013

जारी
ISSUED
21 MAY 2013

21 MAY 2013

सेवा में

श्री प्रमोद टिबड़ेवाल,
पुर्दीलपुर, गोलघर,
गोरखपुर-273001,
(उत्तर प्रदेश)

विषयः- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत मांगी गई सूचना के बारे में।

मुझे आपके आर टी आई आवेदन की मद सं. 1 और 2 के संबंध में आंशिक सूचना प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय से अंतरित होने पर प्राप्त दिनांक 04.03.2013 के आवेदन का उल्लेख करना है।

2. इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि 1985 से मंत्रियों को प्रदान किए गए वेतन एवं भत्तों में वृद्धि की प्रतिशतता के संबंध में कोई रिकार्ड इस केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के पास उपलब्ध नहीं है। तथापि, केन्द्रीय मंत्रियों को इस समय प्रदान किए जा रहे वेतन और भत्तों के संक्षिप्त ब्यौरे की एक प्रति संलग्न है।

3. जहां तक, 1985 से संसद सदस्यों के वेतन एवं भत्तों में वृद्धि से संबंधित सूचना का संबंध है, यह विषय-वस्तु संसदीय कार्य मंत्रालय से संबंधित है। अतः सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6 (3) के अंतर्गत आपका आर टी आई आवेदन, उपयुक्त सूचना प्रदान करने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय को अंतरित किया जा रहा है।

4. इस मामले में अपील प्राधिकारी श्री एस. सुरेश कुमार, संयुक्त सचिव (सी एस), गृह मंत्रालय, एन डी डी सी-II, नई दिल्ली-1 हैं।

भवदीय,

(आशुतोष जैन)

निदेशक (सी एस) एवं केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी

दूरभाष: 23438147

P.B. No.

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः-

16/2012 ~~श्री~~ एस. सामंत, अवर सचिव, आर टी आई सैल, गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को उनके दिनांक 20.03.2013 के का. ज्ञा. सं. ए-43020/01/2013-आर टी आई के संदर्भ में।

2013 — श्री - केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी, आर.टी.आई अनुभाग, संसदीय कार्य मंत्रालय, संसद मार्ग, नई दिल्ली

Issued on 21/5/13

1186-13-12 Mar 13 1186/13

B.

दिनांक- ~~20.02.13~~ 04/3/13

प्रमोद टिबड़ेवाल (जन कार्यकर्ता)
पुर्दिलपुर, गोलघर
गोरखपुर–273001, उ0प्र0

RTI ACT
Diary No. 8110
Date 08/03/13
13/03/13
for Disposal

सेवा में,

जन सूचना अधिकारी
प्रधानमंत्री कार्यालय, भारत सरकार
नई दिल्ली,

प्रार्थनापत्र अन्र्तगत जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005

जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अधोहस्ताक्षरी को निम्नाकिंत सूचनायें प्रदान करने का कष्ट करें –

LS RS Min-MHA

1–वर्ष 1985 से अबतक सांसदो एवं केन्द्रिय मंत्रियों के वेतन, भत्तो आदि मे कितने प्रतिशत की वृद्धि की गयी?

2–भारत सरकार द्वारा एक साल में किन किन मदो मे कितनी धनराशियो का भुगतान सांसदो एवं केन्द्रिय मंत्रियों को किया जाता है वर्ष 1985 से अब तक कुल कितने प्रतिशत की इसमें वृद्धि हुयी है?

DoPT

3–वर्ष 1985 से अबतक सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के न्युनतम एवं अधिकतम वेतनमान क्या है तथा उनके वेतन में कितने प्रतिशत की वृद्धि महंगायी सहीत केन्द्रिय सरकार द्वारा की गयी?

EXP.

4–सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दिये जाने वाले महंगायी दर का आकलन किन किन आधार एवं प्रकिया के तहत किया जाता हैं?

A2C

5–वर्ष 1985 से अबतक सरकार द्वारा धान, गेहूँ, गन्ना, कपास, दाल में कितने प्रतिशत की वृद्धि की गयी?

Fertilizer P2NG

6–वर्ष 1985 से अबतक युरीया, डी0ए0पी0, डिजल के दामों में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुयी?

कृप्या उक्त सूचनायें निर्धारित समयावधि में प्रदान करने की कृपा करे। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत निर्धारित शुल्क मु0 10/– का पोस्टल आर्डर सं 58सी0316689, 58सी0316690 दिनांक 02.02.13 संलग्न है। यदि उक्त सुचनायें प्रदान करने में अन्य वैधानिक व्यय आयेगा तो अधोहस्ताक्षरी उसे देने के लिये तैयार व तत्पर है।

सधन्यबाद,

IPO No. 58C 316689 of ₹ 5/-
316690 of ₹ 5/-
10

भवदीय–

(signature)

प्रमोद टिबड़ेवाल

372564